हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026



11 दिखावे से नहीं सुधरी व्यवस्था पहली बारिश में जलमग्न...





12 यूजी प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी





# एसआईआर में लापरवाही पर प्रशासन का कड़ा संदेश, बीएलओ निलंबित, विभागीय जांच शुरू

■ *आदेश में यह भी स्पष्ट :* जांच के दौरान किसी प्रकार के आपराधिक कदाचार के तथ्य सामने आते हैं तो मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की अनुमति प्राप्त कर एफआईआर भी हो सकती है दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए स्पष्ट संकेत दे दिया है कि निर्वाचन आयोग के इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों के अनुसार नारनौल विधानसभा क्षेत्र के पार्ट नंबर-70 के बूथ लेवल अधिकारी संदीप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

***नारनौल विधानसभा क्षेत्र के पार्ट नंबर-70 के बूथ लेवल अधिकारी संदीप को तत्काल प्रभाव से कर दिया निलंबित***

### नारनौल विधानसभा में एसआईआर एक नजर में

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 1,59,978 |
| पुरुष मतदाता | 83,824 |
| महिला मतदाता | 76,144 |
| कुल मतदान केंद्र | 155 |
| शहरी बूथ | 68 |
| ग्रामीण बूथ | 87 |
| कार्यरत बीएलओ | 155 |
| सेक्टर सुपरवाइजर | 18 |



OFFICE OF THE DISTRICT ELECTION OFFICER-CUM-DEPUTY COMMISSIONER
MAHENDRAGARH AT NARNAUL

ORDER

Whereas, the Sub Divisional Officer (civil), Narnaul, vide his communication Memo No. 2678 dated 30.06.2026, has reported that the Sh. Sandeep, BLO, Part No.- 70, 70- Narnaul Assembly Constituency has continuously exhibited lack of interest, negligence and unwillingness in performing the duties assigned during the ongoing Special Intensive Revision of Electoral Roll.

And whereas, despite such repeated counseling, directions and opportunities for improvement, the said BLO has shown no sincere interest in completing the assigned work.

And whereas, such conduct amounts to gross negligence, insubordination, and dereliction of duty, adversely affecting the integrity and credibility of the electoral roll revision process.

Now, therefore, in pursuance of the Election Commission of India's Instructions N. [illegible] dated: 23.01.2026, and under the provisions of the Representation of the People Act, 1950 and Haryana Civil Services (Punishment & Appeal) Rules, the following action is hereby ordered:

1. Immediate Suspension of the above-mentioned BLOs.
2. Recommendation to the competent disciplinary authority the initiation of departmental proceedings against them for insubordination and dereliction of duty.
3. In case any element of criminal misconduct is established during inquiry, appropriate action including registration of FIR shall be taken with the approval of the Chief Electoral Officer, Haryana, Chandigarh.
4. The Sub Divisional Officer (civil), Narnaul, shall ensure execution of this order and report compliance.
5. Action taken shall be communicated to the Election Commission of India through the Chief Electoral Officer, Haryana, within the prescribed time frame.

District Election Officer-cum-Deputy Commissioner, Mahendragarh at Narnaul.

Endst. No. /Elect./SIR/2026/662-64 Dated: 02-7-26

A copy of the above is forwarded to the following for information and necessary action.

1. Chief Electoral Officer, Haryana, Chandigarh.
2. Sub Divisional Officer(c), Narnaul.
3. Secretary, Red Cross Society, Narnaul.

District Election Officer-cum-Deputy Commissioner, Mahendragarh at Narnaul.

नारनौल। उपायुक्त की ओर से जारी आदेश।

## निगरानी के बाद भी नहीं मिला अपेक्षित सुधार

प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपमंडल अधिकारी (नागरिक) नारनौल की रिपोर्ट में यह स्पष्ट पाया गया कि संबंधित बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में लगातार रुचि का अभाव, कार्य के प्रति अनिच्छा तथा गंभीर लापरवाही प्रदर्शित की। इतना ही नहीं, उन्हें कई बार समझाइश दी गई, कार्य में सुधार का अवसर भी प्रदान किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई, लेकिन इसके बावजूद उनके कार्य एवं व्यवहार में कोई अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिला। आदेश में कहा गया है कि संबंधित कर्मचारी का आचरण गंभीर लापरवाही वरिष्ठ अधिकारियों की अवज्ञा तथा कर्तव्य निर्वहन में चूक की श्रेणी में आता है। ऐसी लापरवाही से न केवल विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की गति प्रभावित हुई, बल्कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका उत्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश जारी करते हुए सक्षम अनुशासनात्मक प्राधिकारी को विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने की संस्तुति भेजी है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि जांच के दौरान किसी प्रकार के आपराधिक कदाचार के तथ्य सामने आते हैं तो मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की अनुमति प्राप्त कर एफआईआर दर्ज करने सहित विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

## नारनौल विधानसभा में 155 बीएलओ व 18 सेक्टर सुपरवाइजर

नारनौल विधानसभा क्षेत्र में यह अभियान बड़े स्तर पर संचालित किया जा रहा है। यहां लगभग 1.60 लाख मतदाताओं तक पहुंचने के लिए 155 बूथों पर 155 बीएलओ तथा 18 सेक्टर सुपरवाइजर दिन-रात कार्य कर रहे हैं। भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद अधिकांश बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर रहे हैं। प्रशासन का मानना है कि ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में यदि कोई कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करता है तो इससे पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है, इसलिए समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना, कार्य में जानबूझकर शिथिलता अथवा अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर, जो अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं, उनके उत्कृष्ट कार्य का सम्मान एवं प्रोत्साहन भी किया जाएगा।

## यह औपचारिक प्रक्रिया नहीं लोकतंत्र की आधारशिला

एसडीएम को आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरी कार्रवाई से मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर अवगत कराया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाने वाली मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाने का राष्ट्रीय अभियान है। इसी कारण निर्वाचन आयोग ने इसकी प्रत्येक गतिविधि के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की है। 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने, उनका संग्रहण करने तथा डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

# एसआईआर आवेदन की धीमी रफ्तार, अधिकारी पहुंचे मौसमपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मौसमपुर, लूजोता में एसआईआर आवेदनों को कलेक्ट करने का अभियान चलाया, लेकिन अधिकांश मतदाताओं ने अभी तक आवेदन को कप्लीट ही नहीं किया, इस धीमी रफ्तार की सूचना पर अतिरिक्त चुनाव पंजीयन अधिकारी राजेश वर्मा मौसमपुर पहुंचे। उन्होंने बीएलओ व सामाजिक संगठनों को जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम, पते अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है या जिनसे आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं, वे निर्धारित प्रारूप में फॉर्म भरकर शीघ्र जमा करें। समय पर दस्तावेज उपलब्ध कराने से मतदाता सूची को त्रुटि रहित और अद्यतन बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पात्र नागरिकों से भी निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस दौरान पूरे गांव में चौकीदार के माध्यम से मुनादी कर लोगों को अभियान की जानकारी दी गई, ताकि कोई भी पात्र मतदाता आवश्यक प्रक्रिया से वंचित न रहे। ग्रामीणों को बताया गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी पात्र मतदाता इस अभियान में सहयोग करें और समय सीमा के भीतर अपने फॉर्म व आवश्यक दस्तावेज जमा कराएं। मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। यदि किसी को अभियान से संबंधित जानकारी चाहिए, तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा संबंधित निर्वाचन अधिकारियों से संपर्क कर सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



नांगल चौधरी। एसआईआर आवेदन जमा होने की जानकारी लेते पंजीयन अधिकारी राजेश वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## *पूर्व जिला पार्षद चंद्रकला पीएनडीटी की सदस्य मनोनित*

**महेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला एडवाइजरी कमेटी (पीएनडीटी) का पुनर्गठन किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार पूर्व जिला पार्षद चंद्रकला यादव नौताना को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति की अध्यक्षता सिविल अस्पताल नारनौल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना यादव करेंगी। इसके अलावा समिति में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सदस्यों को भी शामिल किया गया है।



# शास्त्री नगर में युवक ने लगाया फंदा

***एक साल पहले हुई थी शादी, निजी कंपनी में करता था नौकरी पुलिस जांच में जुटी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित शास्त्री नगर में बुधवार शाम करीब एक 25 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव भोजावास निवासी मोनू कुमार अपनी पत्नी और मां के साथ शास्त्री नगर में किराये के मकान में रहता था। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत था। करीब एक वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और नौकरी के कारण वह नारनौल में रह रहा था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम मोनू अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। जब उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो मोनू फंदे से लटका मिला। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल युवक द्वारा यह कदम उठाने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिजनों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जबकि शास्त्री नगर और आसपास के क्षेत्र में भी शोक की लहर है।






# समझौता लागू नहीं होने पर किया प्रदर्शन

- कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के आदेश जारी करने की मांग आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। मांगें पूरी नहीं होने के विरोध में प्रदर्शन करते नप सफाई कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल के कर्मचारियों ने शहर में जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। कर्मचारियों ने 13 जून को सरकार के साथ हुए समझौते को तत्काल लागू करने तथा कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश जारी करने की मांग उठाई।

साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर में फिर से आंदोलन शुरू किया जाएगा। इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवन ने कहा कि 13 जून 2026 को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और सरकार के बीच हुई वार्ता में कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने पर सहमति बनी थी। समझौते के अनुसार 30 जून तक नियमितीकरण के पत्र जारी किए जाने थे। राज्य यूनियन ने सरकार के आश्वासन पर भरोसा करते हुए आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी आदेश जारी नहीं किए गए। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादे से पीछे हटती दिखाई दे रही है, जिसे कर्मचारी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। कर्मचारियों ने मांग की कि 13 जून को हुए समझौते को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो हरियाणा में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र संगेलिया, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान कौशल यादव, नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान राहुल सारवन, रमेश कुमार, प्रताप सिंह, दरोगा भीम सिंह, महावीर प्रसाद, महेंद्र दायमा, देव आनंद, निरंजन लाल, राजेश, जसवंत, आशु, पूनम देवी, निर्मला देवी, बबली देवी, मनोज देवी, मंजू, सुशीला सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा ने की एसआईआर के लिए प्रभारियों की नियुक्ति

**नारनौल।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा पखवाड़ा, डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म व एसआईआर अभियान के सफल संचालन के निमित्त जिला टोली तथा मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला टोली में महिपाल यादव, अरुणा कौशिक, अनिल सैनी, प्रवीण कुमार व संदीप कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत जिला टोली में संदीप मालडा, मनीष संघी, मंजीत यादव, हरिकांत शर्मा, सुनील हुडीना व सुनील वर्मा की नियुक्ति की गई है। जिनका काम कार्यकर्ताओं को डिजिटल ट्रेनिंग देना होगा। एसआईआर अभियान के लिए विधानसभावार मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। नारनौल विधानसभा में मनीष संघी को नारनौल मंडल, सपना गुप्ता को हुडीना मंडल तथा महिपाल यादव को भूषण मंडल का प्रभारी बनाया गया है। महेंद्रगढ़ विधानसभा में कमल सैनी को महेंद्रगढ़ मंडल, रवि दत्त को पाली मंडल, राजेश को नांगल सिरोही मंडल तथा अतर सिंह को सतनाली मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अटेली विधानसभा में शमशेर यादव को अटेली मंडल, कृष्ण शर्मा को बाछौद मंडल, सुरेश कुमार को भोजावास मंडल तथा सुरेश अत्री को कनीना मंडल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं नांगल चौधरी विधानसभा में पूर्णचंद्र को गोठड़ी मंडल, भवानी सिंह राजपूत को नांगल दुर्ग मंडल तथा आनंद मेहता को निजामपुर मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।







नारनौल। एनएच 152 डी पर नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी अंबाला में होने वाली रैली में हुए शामिल

- नई ट्रांसफर पॉलिसी वापस लेने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (एचएसईबी) वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी के आह्वान पर नारनौल सहित महेंद्रगढ़ जिले के बिजली कर्मचारी अंबाला में आयोजित राज्यस्तरीय कर्मचारी रैली में शामिल हुए। कर्मचारियों का जत्था सुबह नारनौल से रवाना हुआ और अंबाला पहुंचकर प्रदेशभर से आए बिजली कर्मचारियों के साथ अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

रैली में वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। सरकार और निगम प्रबंधन से कई बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। कर्मचारियों ने एग्री डिस्कॉम व्यवस्था का विरोध करते हुए रिस्क अलाउंस लागू करने, कैशलेस मेडिकल सुविधा देने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा नई ट्रांसफर पॉलिसी वापस लेने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली में सहसचिव सुभाष रोहिल्ला ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव ने किया।

### ये रहे मौजूद

अंबाला रैली में जिले से उपप्रधान राकेश, प्रेमपाल, अजय सोनी, उपप्रधान राजकुमार, सब यूनिट प्रधान शेरसिंह, प्रवीण कुमार, अजीत यादव, कृष्ण, सब यूनिट सचिव दीपक यादव, विनीत जांगड़ा, जितेंद्र डांगी, जेई पंकज, जेई जितेंद्र, चंद्रजीत यादव, सुरेंद्र यादव, बलवान यादव, जेई संजय जोशी, प्रवीण, अशोक यादव, नवीन, अमरजीत, महेश, कुलदीप, भगवानदास, सीए संजय, सलाहकार मनोज यादव, संजीव यादव, एलएम प्रवीण यादव एवं योगेश आदि बिजली कर्मचारी शामिल हुए।

नवनिर्मित सचिवालय में शिफ्ट होने से बढ़ी दूरी

# शहर के बीच से हटे पोस्ट आफिस से जनता परेशान

- 5 रुपये के टिकट के लिए 20 रुपये का ऑटो किराया और 10 का एंट्री टैक्स देने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के मध्य में स्थित पुराने डाकघर को नवनिर्मित सचिवालय में स्थानांतरित किए जाने के कारण स्थानीय नागरिकों और आसपास के गांवों की आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर जन-समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा निवासी सुरजनवास ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक लिखित ज्ञापन भेजकर इस ओर तुरंत ध्यान देने और राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है। प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि शहर के बीचों-बीच स्थित पुराना डाकखाना जर्जर अवस्था का हवाला देकर यहां से करीब 2 किलोमीटर दूर नारनौल रोड पर बने नवनिर्मित सचिवालय में शिफ्ट कर दिया गया है। यह फैसला आम आदमी, बुजुर्गों और बच्चों के लिए बड़ी कठिनाई का सबब बन चुका है।

स्थिति यह है कि यदि कोई आम नागरिक 1 या 5 रुपये का डाक टिकट खरीदने अपने निजी वाहन से वहां जाता है, तो उसे न्यायालय परिसर के पास 10 का प्रवेश शुल्क (एंट्री फीस) देना पड़ता है, जो कि टिकट की कीमत से भी कई गुना महंगा है। वहीं, बिना वाहन वाले गरीब लोग यदि ऑटो से जाते हैं, तो उन्हें 10 से 20 रुपये तक का किराया अलग से भुगतना पड़ता है।

### धूल फांक रही करोड़ों की सरकारी जमीन, हो रहे नाजायज कब्जे

रामनिवास पाटोदा ने बताया कि इस दूरी और फिजूलखर्ची के कारण आम जनता के लिए पोस्टल ऑर्डर, सावधि जमा, पोस्टकार्ड और टिकट लिफाफा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच से दूर हो गई हैं। गरीब आदमी के लिए यह समय और पैसे दोनों की बर्बादी है। चिंताजनक बात यह भी है कि शहर के मुख्य हिस्से में पुराने डाकखाने की जो सरकारी जमीन खाली पड़ी है, उसका रखरखाव न होने के कारण अब लोग वहां नाजायज तौर पर कब्जे और अनधिकृत इस्तेमाल कर रहे हैं।

### जनहित में उठाई मांग

ज्ञापन के माध्यम से दूर संचार मंत्रालय और केंद्र सरकार से पुरजोर अनुरोध किया गया है कि जर्जर हो चुके पुराने डाकखाने के भवन का पुनः निर्माण करवाया जाए और शहर के भीतर ही आमजन की सुविधा के लिए एक नया पोस्ट ऑफिस खोला जाए। इलाके की जनता ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री इस मामले का संज्ञान लेकर आमजन को इस परेशानी से जल्द ही निजात दिलाएंगे।

# श्रीमती हरस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति ने जलाया शिक्षा का दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। नि :शुल्क पाठशाला का उद्‌घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जब एक बच्चे के हाथ में किताब होती है, तब केवल उसका भविष्य नहीं, बल्कि पूरे समाज की तकदीर लिखी जाती है। इसी प्रेरणादायक सोच के साथ श्रीमती हरस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति ने वीरवार को हुडा सेक्टर-1 में निःशुल्क शिक्षा पाठशाला का शुभारंभ कर समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। निःशुल्क शिक्षा पाठशाला का शुभारंभ समिति अध्यक्षा आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि यह संस्था केवल एक संगठन नहीं, बल्कि उन बच्चों के लिए आशा की नई किरण है, जिनके सपने आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के कारण अधूरे रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी हमारे समाज में ऐसे अनगिनत बच्चे हैं, जिनकी आंखों में बड़े सपने हैं, लेकिन उन सपनों तक पहुंचने का रास्ता मुश्किलों से भरा है। ऐसे बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने का संकल्प लेकर यह समिति आगे आई है। संस्था का उद्देश्य स्पष्ट है हर जरूरतमंद बच्चे तक निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा पहुंचाना, ताकि कोई भी प्रतिभा अभावों की भेंट न चढ़े। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी सेवा किसी जरूरतमंद को शिक्षा देना है।






## मानसून से पहले सफाई व जलनिकासी के दावे रहे खोखले

# दिखावे से नहीं सुधरी व्यवस्था पहली बारिश में जलमग्न शहर

**पार्क, गली मार्केट सहित कई इलाकों में भरा पानी**

**दुकानों में घुसा बारिश का पानी लोगों को उठानी पड़ी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मानसून की पहली ही बारिश ने शहर में प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। बारिश से पहले जिला प्रशासन की ओर से सीवरेज, नालों और नालियों की सफाई तथा जलभराव रोकने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन पहली ही बरसात में पूरा शहर जलमग्न नजर आया। कई प्रमुख सड़कें और बाजार पानी में डूब गए, जिससे आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बता दें कि बारिश से कुछ दिन पहले उपायुक्त अनुपमा अंजली ने अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने सीवरेज व्यवस्था, नालों और नालियों की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि मानसून की दस्तक से पहले सभी शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद होनी चाहिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने और लोगों को मौसमी बीमारियों से भी राहत मिल सके। निरीक्षण अभियान में एसडीएम, सीटीएम समेत कई विभागीय अधिकारी भी शामिल रहे और विभिन्न स्थानों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। हालांकि निरीक्षण और निर्देशों के बावजूद धरातल पर हालात नहीं बदले। प्रशासन की ओर से तैयारियों का दिखावा तो किया गया, लेकिन समय रहते आवश्यक कार्य पूरे नहीं हो सके। नतीजा यह रहा कि मानसून की पहली बारिश ने ही सभी दावों की हकीकत सामने ला दी। जिसके चलते बारिश शुरू होते ही शहर की कई सड़कें और बाजार पानी से लबालब हो गए। जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी लंबे समय तक सड़कों पर जमा रहा, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा, जबकि यातायात भी प्रभावित रहा।



मंडी अटेली। पुराने बस स्टैंड पर बारिश के बीच गुजरता वाहन।

### मंडी अटेली में जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में मानसून की पहली बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दिलाई वहीं किसानों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं रही। दूसरी ओर कस्बे में जलभराव की समस्या ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया। वीरवार तड़के करीब तीन बजे बूंदाबांदी के साथ शुरू हुई बारिश कभी तेज तो कभी हल्की होती हुई सुबह लगभग साढ़े 10 बजे तक जारी रही। नए बस स्टैंड से लेकर पुराने बस स्टैंड, रेलवे अंडरपास, ताजपुर रोड और पशु अस्पताल के आसपास पानी भर जाने से हालात खराब हो गए।

### कनीना में 19 एमएम बारिश से खेतों में लौटी रौनक

**कनीना।** लंबे समय से भीषण गर्मी और चिपचिपी उमस की मार झेल रहे क्षेत्र के लोगों के लिए वीरवार की सुबह एक बड़ी राहत लेकर आई। सुबह के समय अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश ने पूरे इलाके को तर-बतर कर दिया। एक ही झटके में हुई 19 मिलीमीटर बारिश ने जहां तपती गर्मी को छूमंतर कर दिया, वहीं किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान ला दी। कनीना और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में यह मानसूनी बारिश किसानों के लिए आसमान से बरसते सोने के समान मानी जा रही है। यह बारिश बाजरा, ज्वार, ग्वार, मूंग और कपास जैसी खरीफ फसलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।





नारनौल। दुकान में घुसा बारिश का पानी व दुकान में पानी जमा होने से लगाए बोर्ड के पास खड़ा दुकानदार।

### पार्क गली का हर साल यही हाल, व्यापारी परेशान

शहर की पार्क गली का हाल एक बार फिर चिंता का विषय बन गया। हर वर्ष बारिश के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस बार भी पहली ही बारिश में पूरी गली पानी से भर गई। व्यापारियों का कहना है कि हर साल प्रशासन केवल निरीक्षण और आश्वासन तक सीमित रहता है, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि यदि पहली बारिश में ही यह स्थिति है तो पूरे मानसून के दौरान हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं। आगे की बारिश को लेकर व्यापारी भगवान भरोसे हैं।

### दुकानों में घुसा पानी, नुकसान

पार्क गली मार्केट में जलभराव के कारण बारिश का पानी कई दुकानों के भीतर तक पहुंच गया। दुकानदारों को तत्काल सामान सुरक्षित स्थान पर रखना पड़ा, जबकि कई दुकानों में रखा सामान भीगने से नुकसान भी हुआ। व्यापारियों का कहना है कि यदि जलनिकासी की उचित व्यवस्था पहले ही कर दी जाती, तो उन्हें आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ता। उन्होंने प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि हर वर्ष होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके।

### यहां जमा हुआ पानी

बारिश के बाद शहर के महावीर चौक, पार्क गली, पुरानी कचहरी के पास, शनि मंदिर क्षेत्र, सैन चौक, रविदास मंदिर मार्ग, जमालपुर मोहल्ला, अनाज मंडी, नलापुर मोहल्ला, पुरानी मंडी, श्याम कॉलोनी, नूनी शेखुपुरा मार्ग सहित कई इलाकों में सड़कें पानी से लबालब हो गईं। सबसे अधिक परेशानी अनाज मंडी और निचले इलाकों में देखने को मिली। जहां दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर पानी जमा हो गया।

### अब प्रशासन की कार्रवाई पर निगाहें

मानसून की पहली बारिश ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि केवल निरीक्षण और निर्देशों से समस्याओं का समाधान नहीं होता। यदि समय रहते योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जलभराव की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। ऐसे में शहरवासियों की निगाहें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।



महेंद्रगढ़। मोहल्ला वाल्मीकि में भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### मानसून की पहली बारिश से मौसम सुहाना

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र में वीरवार को सुबह मानसून की पहली बारिश ने लंबे इंतजार के बाद लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और कुछ देर बाद शुरू हुई तेज बारिश से पूरे शहर का मौसम सुहाना हो गया। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी तथा उमस से लोगों को राहत मिली। हालांकि, पहली ही बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी। बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कों, बाजारों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड के आसपास, रेलवे रोड, मोहल्लों की गलियों तथा कई आवासीय क्षेत्रों में पानी जमा हो गया। जलभराव से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एचटेट परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के लिए चलेंगी विशेष बसें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से आगामी चार और पांच जुलाई को विशेष बसों के संचालन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत नारनौल और महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों की मांग के अनुसार सुचारू रूप से बसों का बेड़ा सड़क पर उतारा जाएगा। जीएम रोडवेज देवदत्त ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों तक जाने वाले सभी अभ्यर्थियों से केवल सामान्य किराया ही लिया जाएगा, ताकि उन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। परिवहन विभाग की ओर से तैयार किए गए विस्तृत रूट चार्ट के अनुसार परीक्षा के दोनों दिनों में समय सारणी का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे परीक्षार्थी बिना किसी मानसिक तनाव के अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सकें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार जुलाई को सायं कालीन परीक्षा के लिए सुबह 11:30 बजे से दोपहर 13:30 बजे तक बसों का संचालन किया जाएगा। वहीं पांच जुलाई को आयोजित होने वाली प्रातः कालीन परीक्षा के लिए सुबह 07:00 बजे से 08:30 बजे तक और सायं कालीन परीक्षा के लिए सुबह 11:30 बजे से दोपहर 13:30 बजे तक विशेष बसें निरंतर उपलब्ध रहेंगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरांत वापस लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षा केंद्रों से वापस बस स्टैंड तक दोपहर 12:45 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक और शाम को 17:45 बजे से 18:30 बजे तक विशेष बसें संचालित की जाएंगी।

- **नारनौल व महेंद्रगढ़ के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए सामान्य किराये पर उपलब्ध होगी सुगम यातायात व्यवस्था**

### प्रमुख केंद्रों को विशेष परिवहन सेवा से जोड़ा

नारनौल क्षेत्र के अंतर्गत भारती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एमएलएसडीएवी पब्लिक स्कूल कुलताजपुर रोड, राजकीय महिला महाविद्यालय और यदुवंशी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख केंद्रों को विशेष परिवहन सेवा से जोड़ा गया है। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ क्षेत्र में स्थित राजकीय महाविद्यालय (लड़के), हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुलाना, अरावली इंटरनेशनल स्कूल माजरा खुर्द, सरबती सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोशाला रोड, राव प्रहलाद सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल सतनाली रोड, बाबा नारायण दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल राठीवास रोड, विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना और उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग दादरी-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे पाली जैसे सुदूर केंद्रों के लिए भी महेंद्रगढ़ बस स्टैंड से सीधे बसों का संचालन सुनिश्चित किया गया है, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पानी पर एमओयू किसान विरोधी: अनिल


**महेंद्रगढ़।** कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव अनिल डागर ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान बीजेपी सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। इसका उदाहरण पिछले दिनों राजस्थान सरकार के साथ पानी के लिए हुए एक एमओयू पर हुए हस्ताक्षर से पता चलता है। पहले ही किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा, ऊपर से पानी की समस्या से सिंचाई क्षेत्र घट रहा है। सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। जिला कांग्रेस सचिव अनिल डागर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस समझौते का पूर्ण रूप से विरोध करती है। पार्टी लोगों के बीच जाकर इस सरकार की गलत नितियों के बारे में जानकारी देगी। हरियाणा के अंदर कानून व्यवस्था का बुरा हाल है, नित्य नए नए घोटाले हो रहे हैं। राम मंदिर से करोड़ों रुपए का चंदा चोरी हो गया। प्रधानमंत्री का कोई बयान सामने नहीं आ रहा है, मंदिर बना था, तब श्रेय लेने में प्रधानमंत्री हमेशा आगे रहते थे, आज भी उनको बयान देना चाहिए।











## अब 12 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

# यूजी प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी



महेंद्रगढ़। कॉलेज का मुख्य द्वार। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक यूजी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि, जो पूर्व में 30 जून निर्धारित थी, को बढ़ाकर अब 12 जुलाई कर दिया गया है। संशोधित प्रवेश कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र ही अलग से की जाएगी।

राजकीय महाविद्यालय सतनाली प्राचार्य डॉ. सुधीर लाम्बा, राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह एवं राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि यह उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया एक सराहनीय कदम है, जो विभिन्न कारणों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पंजीकरण नहीं करा सके थे। उन्होंने कहा कि अनेक विद्यार्थी दस्तावेजों की अनुपलब्धता, तकनीकी समस्याओं अथवा अन्य व्यक्तिगत कारणों के चलते आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। अंतिम तिथि में वृद्धि से ऐसे विद्यार्थियों को अपनी उच्च शिक्षा की दिशा में एक और अवसर प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. गगनदीप यादव ने बताया कि सभी इच्छुक विद्यार्थी अब 12 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण पूरा कर लें, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य परेशानी से बचा जा सके। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे नियमित रूप से उच्च शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय की आधिकारिक सूचनाओं पर नजर बनाए रखें, क्योंकि संशोधित प्रवेश कार्यक्रम और आगे की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी शीघ्र ही जारी की जाएगी।

- स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को बड़ी राहत, पंजीकरण की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ी

## केंद्रीय विवि में प्रवेश के लिए ओपन काउंसलिंग पंजीकरण आज से



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 14 स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रक्रिया उन पाठ्यक्रमों के लिए शुरू की गई है, जिनमें सीयूईटी(पीजी)-2026 पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची समाप्त हो चुकी है। ओपन काउंसलिंग के अंतर्गत एमए संस्कृत, एमए समाजशास्त्र, एमटेक एनर्जी सिस्टम्स, एमबीए टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, एमए हिंदी अनुवाद, एमएससी योग, एमएड, पीजीडीआरपी, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमए हिंदी, एमएससी सांख्यिकी, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एमएचएमसीटी) तथा एडवांस डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी) में प्रवेश दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीकरण तीन जुलाई से प्रारंभ होगा, जबकि पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है। समग्र मेरिट सूची 12 जुलाई को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को 13 जुलाई को संबंधित विभागों में हाइब्रिड मोड के माध्यम से रिपोर्ट करना होगा। इसके उपरांत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रवेश एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

## पंचायती जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचे सरपंच से मारपीट, वीडियो वायरल

**नारनौल।** सदर थाना क्षेत्र के गांव कुलताजपुर में पंचायती भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने के दौरान गांव के सरपंच के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। सरपंच ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सरपंच विक्रम सिंह यादव ने बताया कि पंचायत की खसरा नंबर 171/9 स्थित भूमि से पिछले वर्ष नवंबर में प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाया था। इसके बावजूद कुछ लोगों ने दोबारा वहां ईंधन डालकर कब्जा कर लिया। ग्राम पंचायत ने 30 मई को अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किया था, जबकि 10 जून को बीडीपीओ नारनौल ने सदर थाना पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजा था। सरपंच के अनुसार मंगलवार को वह पंचायत की जमीन से ईंधन हटवा रहे थे। इसी दौरान अमर सिंह, मनजीत, भोलूराम और शारदा ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर उनका भाई अजीत मौके पर पहुंचा तो उस पर भी ईंट से हमला कर दिया गया। हमले में अजीत घायल हो गया, जिसके सिर में तीन टांके लगे हैं। उसका मेडिकल भी कराया गया। वहीं, सदर थाना प्रभारी धर्मवीर धनखड़ ने बताया कि यह मामूली विवाद था, जिसका मौके पर ही निपटारा करा दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई है तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विवाद, पुलिस पर ढिलाई बरतने का आरोप

## मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा का रोहतक तक अस्थायी विस्तार, आज से 15 तक होगी संचालित

**नारनौल।** रेलवे की ओर से मदार-रेवाड़ी-मदार स्पेशल रेलसेवा का तीन जुलाई से 15 जुलाई तक रोहतक तक अस्थाई विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्षन के अनुसार गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक स्पेशल रेलसेवा तीन जुलाई से 15 जुलाई तक मदार से प्रतिदिन 04:30 बजे रवाना होकर रेवाड़ी स्टेशन पर 10.30 बजे आगमन व 10:50 बजे प्रस्थान कर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा तीन से 15 जुलाई तक रोहतक से प्रतिदिन 13:20 बजे रवाना होकर रेवाड़ी स्टेशन पर 15:20 बजे आगमन व 15:30 बजे प्रस्थान कर 22:35 बजे मदार पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त रेलसेवा का तीन से 15 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है, इसके बाद पुनः 16 से 31 जुलाई तक उपरोक्त रेलसेवा मदार-रेवाड़ी-मदार के मध्य ही संचालित होगी।







